भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1902
गुरुवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

घरेलू एयरलाइनों के विस्तार के लिए नीति

1902. डॉ. मोहम्मद जावेद:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास देश में बढ़ते यात्री यातायात को देखते हुए घरेलू एयरलाइनों की स्थापना और विस्तार को बढ़ावा देने के लिए कोई नीति या योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन करने वाली भारतीय एयरलाइनों की संख्या बढ़ाने और द्विपक्षीय विमान संपर्क का विस्तार करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) अंतरराष्ट्रीय संपर्क में सुधार, बेड़े के विस्तार और बाजार पहुंच में सुधार के उपायों सहित भारतीय एयरलाइनों की प्रतिस्पर्धात्मकता और वैश्विक उपस्थिति को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): सरकार ने भारतीय एयरलाइनों की प्रतिस्पर्धात्मकता और वैश्विक उपस्थिति को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। इनमें नए हवाईअड्डों के विकास और हवाईअड्डा अवसंरचना के विस्तार के माध्यम से एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना, उड़ान योजना के माध्यम से एयरलाइनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना, कर और नीति सुधारों के माध्यम से विमान पट्टाकरण और घरेलू रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल)एमआरओ(सुविधाओं को बढ़ावा देना, और अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय हवाई सेवा व्यवस्थाओं का विस्तार, शामिल है।

एयरलाइनों के अंतरराष्ट्रीय परिचालन भारत और संबंधित देश के बीच द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते (एएसए) द्वारा संचालित होते हैं। एएसए के अनुसार, भारतीय नामित वाहक भारत के किसी भी प्वाइंट के लिए/प्वाइंट से विदेशी गंतव्यों के लिए सहमत क्षमता सीमाओं के अनुसार परिचालन करने हेतु स्वतंत्र हैं। भारत में किसी भी प्वाइंट से सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करना यात्री मांग, स्लॉट की उपलब्धता, मार्ग की आर्थिक व्यवहार्यता और अन्य संबंधित कारकों के आधार पर अनुसूचित एयरलाइनों का पूरी तरह से एक वाणिज्यिक निर्णय है।

सरकार ने नागर विमानन क्षेत्र के विकास के लिए एक सक्षम वातावरण प्रदान किया है, लेकिन यह एयरलाइनों की परिचालन योजनाओं में हस्तक्षेप नहीं करती है। एयरलाइनें किसी

भी विमान टाइप के साथ क्षमता को शामिल करने और सेवा प्रदान करने के लिए बाजारों और नेटवर्क का चयन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

******